**भारत सरकार**
**वस्त्र मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2558**
**8 अगस्त, 2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**सरकारी कार्यक्रमों के संबंध में कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करना**

**2558. श्री विनय दीनू तेंदुलकरः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** क्या मंत्रालय ने सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इत्यादि के संबंध में इसके सभी मंत्रालयों तथा सरकारी क्षेत्र के संगठनों सहित पूरे भारत में इसके अपने कर्मचारियों, इसके सहयोगियों में अपेक्षित जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया है, यदि हां, तो यह कब किया गया तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

**(ख)** क्या इन कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने या इनके बारे में अधिकाधिक जागरूकता उत्पन्न करने हेतु ऐसे ही कार्यों को अभिनिर्धारित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री अजय टम्टा)**

**(क) और (ख):** जी, हां। वस्त्र मंत्रालय वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं, स्वच्छता अभियानों आदि के माध्यम से अपने कर्मचारियों में जागरूकता का प्रसार करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित करता रहा है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने व्यापक जागरूकता के सृजन के उद्देश्य से आउटरीच कार्यक्रमों पर विशेष बल देते हुए वर्ष 2017-18 तथा 2018-19 के लिए स्वच्छता कार्य योजना तैयार की है। डिजिटल इंडिया के संबंध में मंत्रालय ने प्रभावशाली तरीके से ई-ऑफिस का क्रियान्वयन किया है तथा वर्ष 2016 से जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद करनी शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त उपस्थिति के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली लागू है, कर्मचारियों के वेतन/भत्तों का भुगतान तथा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में स्टेकहोल्डरों को सभी प्रकार के भुगतान का भी डिजिटलीकरण कर दिया गया है।

मंत्रालय की संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) तथा वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु समर्थ जैसी प्रमुख योजनाओं का ऑनलाइन क्रियान्वयन किया जा रहा है।

रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत मार्जिन मनी, ब्याज आर्थिक सहायता एवं ऋण गारंटी फीस के ऑनलाइन दावे एवं संवितरण के लिए पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से 'हथकरघा बुनकर मुद्रा पोर्टल' नामक एक केंद्रीयकृत ऑनलाइन प्रणाली दिनांक 01.04.2017 से शुरू की गई है। पारदर्शी एंड-टू-एंड पटसन बोरों की खरीद के अंतरणों के लिए जूट स्मॉर्ट नामक एक डिजिटल परिवर्तनकारी पहल को दिसंबर, 2016 में शुरू किया गया है। पावरटेक्स इंडिया योजना के संघटकों तक विद्युतकरघा क्षेत्र के हितधारकों को ऑनलाइन पहुंच उपलब्ध कराने के लिए आई-पावरटेक्स इंडिया नामक एक डिजिटल प्रणाली को क्रियान्वित किया गया है। हथकरघा तथा हस्तशिल्प उत्पादकों और उनके उत्पादों के बारे में रिटेल ग्राहकों, ई-कॉमर्स इकाइयों, थोक विक्रेताओं और निर्यातकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ वास्तविक हस्तशिल्प कारीगरों को बाजार तक सीधी पहुंच की सुविधा कराने के लिए 29.01.2017 को भारतीय हस्तनिर्मित बाजार पोर्टल शुरू किया गया है। अधिकतर योजनाओं में निगरानी के उद्देश्य से इलैक्ट्रॉनिक एमआईएस की व्यवस्था है।

मंत्रालय, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाता है। मंत्रालय द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों को बालिकाओं के जीवन अस्तित्व, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों, मुख्यतया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारों को रखांकित करते हुए अपने कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए संगोष्ठियों, समूह चर्चाओं, भाषणों/वार्ताओं का आयोजन किया जा रहा है। उपर्युक्त सभी जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन बार-बार सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

****